यह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया

-अरुण जैमिनी



यह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया है महाज्ञानी
जरा सी खबर को बना देता है कहानी
एक नेता को
'किसी' ने थप्पड़ मारा
इस खबर को कहानी बनाने में
लग गया मीडिया सारा।
नेता जी ने तो उसे माफ कर दिया
पर न्यूज चैनलों में
किसी ने उसे हीरो तो
किसी ने उसे जीरो कर दिया।
पहले तो उस एक थप्पड़ को
दिखा-दिखा कर
नेताजी का गाल सुजा दिया
फिर उस 'किसी' को
अपने स्टूडियो बुला लिया।
सुबह से शाम तक
इस चैनल से उस चैनल तक
वो 'कोई'
थप्पड़ के आगे-पीछे की
कई कहानी बो गया
और देखते ही देखते
सेलिब्रिटी हो गया।
उसके सेलिब्रिटी बनने का परिणाम
अब सामने आया
जब विपक्षी पार्टी ने उसे
अपना उम्मीदवार बनाया।
अब वो खुद वोट मांगने के लिए
अपना आमंत्रित चेहरा लिए
घूमने वाला है
मीडिया वालो! खुश हो जाओ
एक नया सेलिब्रिटी
आने वाला है।